महत्वपूर्ण एवं खास

सार्वजनिक जगहों पर चेतावनी दिये बिना तम्बाकू एवं सिगरेट की बिक्री पर की गई चालानी कार्यवाही

रायगढ़। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशन में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आज रायगढ़ शहरी क्षेत्र में टी.वी टावर रोड क्षेत्र में किरोडीमल शासकीय विज्ञान एवं कला महाविद्यालय के आस-पास स्थित पान ठेला में कोटपा एक्ट-2003 अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही खाद्य एवं औषधी विभाग के ड्रग इंस्पेक्टरों के द्वारा कोटपा एक्ट बोर्ड नही लगाने तथा सार्वजनिक जगहों पर चेतावनी दिये बिना तम्बाकू एवं सिगरेट की बिक्री किये जाने हेतु 7 पान ठेलों के ऊपर आर्थिक रूप से दण्डात्मक (चालानी)900 रूपये की वसूली की गई, साथ ही नियमों का पालन करने हेतु निर्देश दिये गये एवं कोटपा एक्ट-2003 बोर्ड वितरण किया गया। उक्त चालानी कार्यवाही में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक पी.डी.बस्तीया सुश्री सीमा बरेठ प्रभारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम से विजय कुमार राठौर, सविता रानी साय एवं संतोषी राज ड्रग इंस्पेक्टर की सहभागिता रही।

10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। अवैध शराब पर कार्यवाही के क्रम में सायबर सेल/पुलिस चौकी जूटमिल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में आज जूटमिल पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा मुखबीर सूचना पर महुआ शराब अवैध बिक्री के लिए ले जा रहे व्यक्ति को अमलीभौना रोड पर शीला पेट्रोल पंप तिराहा के पास पकड़ा गया है। शराब परिवहन कर रहे आरोपी दिलीप देवांगन पिता स्वर्गीय मुरली देवांगन उम्र 25 साल निवासी अमलीभौना नीचे पारा सोनी देवांगन का मकान चौकी जूटमिल के पास से 10 लीटर क्षमता वाली जरकिन में रखा हुआ 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना मुखबीर के जरिए जूटमिल पुलिस को मिली थी, आरोपी पर पुलिस चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सायबर सेल/ चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के हमराह शराब रेड कार्यवाही में एएसआई शशि देव भोय, आरक्षक जितेंद्र दुबे सत्या यादव की प्रमुख भूमिका रही है।

श्यामलाल का पक्का मकान बनाने का सपना हुआ साकार

सारंगढ़-बिलाईगढ़। आज के समय में हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना एक व्यवस्थित आशियाना हो जिसमें वह सुकून से अपने परिवार के साथ गुजर बसर कर सके। ऐसा ही सपना ग्राम बांसउरकुली, बिलाईगढ़ निवासी श्यामलाल का रहा, जो पीएम आवास योजना के जरिए हकीकत में साकार हु। श्यामलाल मिट्टी के जर्जर मकान में कई सालों से रहते आए हैं, छप्पर की छत होने की वजह से उस मकान में बरसात के मौसम में पानी रिस कर आता था, जिससे उन्हें रहने में भारी समस्या होती थी। श्याम लाल ने बताया कि वे पेशे से मजदूर है और घर में जब बरसात के मौसम में पानी टपकता था तो उस वजह से कभी नींद भी पूरी नहीं हो पाती थी, नींद पूरी न होने की वजह से मजदूरी का काम भी बहुत अधिक प्रभावित होता था। इन सब कारणों की वजह से लंबे समय से उनका सपना रहा कि स्वयं का एक पक्का मकान बनाया जाए लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वे ऐसा नहीं कर पा रहे थे। उन्हें पीएम आवास योजना के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने अपना पक्का मकान बनाने का सपना साकार किया। अब वे निश्चिंत होकर परिवार के साथ स्वयं के मकान में रहने लगे हैं।

डाक अधीक्षक पर घर घुसकर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- डाक अधीक्षक द्वारा इंक्रीमेंट रोके जाने पर षड्यंत्र कर उप डाकपाल ने साथियों के साथ मिलकर दिया था घटना को अंजाम, गए जेल
- कोतवाली पुलिस नकाबपोश अज्ञात आरोपी पर दर्ज की थी अपराध, जांच में उजागर आरोपियों का कृत्य

रायगढ़। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा रायगढ़ डाक अधीक्षक के घर घुसकर उन पर हमला करने वाले नकाबपोश आरोपी का पता लगाकर गिरफ्तार किया गया है। मामले में संलिप्त आरोपी के दो अन्य साथियों को भी पुलिस हिरासत में ली है। मुख्य आरोपी टेकराज सत्यम जो तमनार में उप डाकपाल के पद पर पदस्थ है, डाक अधीक्षक सरजीत सरकार द्वारा विभागीय अनियमितताओं के कारण उसका इंक्रीमेंट रोके जाने से मारपीट की साजिश रच कर अपने दो अन्य साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया था। तीनों आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

डाक अधीक्षक द्वारा थाने में दर्ज करायी गई रिपोर्ट-

16 अक्टूबर को डाक अधीक्षक सरजीत सरकार (उम्र 51 वर्ष) द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अपने परिवार साथ डाकघर कालोनी कोतरारोड़ में रहते हैं। बीते रात्रि करीब 02.00 बजे (16 अक्टूबर) कोई व्यक्ति घर के दरवाजा पर लगी बेल दबाया। बेल की आवाज सुनकर उठकर दरवाजा खोलने पर एक व्यक्ति मुह पर कपडा बांधे हुए था, हांथ में डण्डा रखा था जो धक्का मारकर जबरन घर के अंदर घुस गया और बिना कुछ बोले डण्डा से मारने लगा जिसकी आवाज सुनकर पत्नी मृदुला सरकार दौडकर बीच बचाव करने आयी तो उसे भी धक्का दिया और मारपीट किया। शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। सरजीत सरकार के लिखित आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 1409/2022 धारा 458, 323 IPC का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

इन्वेस्टिगेशन के दौरान जांचकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़ित सरजीत सरकार उसकी पत्नी व गवाहों का बयान लेकर सीसीटीवी फुटेज चेक किए। रिपोर्टकर्ता है तथा गवाहों से पूछताछ करने पर अहम जानकारी निकलकर सामने आई कि डाक अधीक्षक सरजीत सरकार द्वारा टेकराज सत्यम जो तमनार में उप डाकपाल के पद पर पदस्थ है जिसे विभागीय अनियमितताओं के कारण उसका इंक्रीमेंट रोका था। जिसके बाद से टेकराज सत्यम, अधीक्षक सरजीत सरकार से रंजिश रखता था और पहले भी फोन पर उन्हें नुकसान पहुंचाने की धमकी दे चुका था। कोतवाली पुलिस घटना दिनांक को टेकराज के गतिविधियों के संबंध में तकनीकी जानकारी एकत्र की और पाई की घटना दिनांक को टेकराज रायगढ़ में देखा गया है। पुलिस अधिकारी अपनी जांच को इस ओर आगे बढ़ाई। टेकराज सत्यम के विरुद्ध और भी महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त होने पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के निर्देशन पर थाने की पेट्रोलिंग टीम के साथ जांचकर्ता पुलिस अधिकारी तमनार जाकर आरोपी को दबिश देकर हिरासत में लेकर थाने लायी। संदेही टेकराज सत्यम से कड़ाई से पूछताछ करने पर टेकराज सत्यम विभागीय आदेशों से परेशान होकर अपने साथी यशपाल सिंह जांगड़े और वीरेंद्र गोंड के साथ मिलकर षडयंत्र पूर्वक घटना कार्य करना स्वीकार किया जिस पर प्रकरण में धारा 120 बी 34 IPC जोड़ा गया। आरोपी टेकराज सत्यम ने बताया कि तीनों पूरी प्लानिंग कर 16 अक्टूबर 2022 की रात्रि सरजीत सरकार के घर गए थे। मकान में टेकराज सत्यम मुंह पर कपड़ा बांधकर घुसा और सरजीत सरकार और उसकी पत्नी मृदुला सरकार से मारपीट किया था। मामले में तीनों आरोपी (1) टेकराज सत्यम पिता संपत लाल सत्यम उम्र 33 वर्ष निवासी बरतुंगा थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (2) वीरेंद्र गोंड पिता चंद्रदेव प्रसाद गोंड़ उम्र 48 वर्ष निवासी पटाखा गोदाम के सामने सोनिया नगर थाना कोतवाली रायगढ़ (3) यशपाल सिंह पिता नीलांबर सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी भीकमपुरा थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, जांचकर्ता प्रधान आरक्षक हेमंन पात्रे तथा पेट्रोलिंग टीम के प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, दिलीप भानु तथा आरक्षक सुशील मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

नगर निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न

रायगढ़। नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2022-23 अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 27 पार्षद पद एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत पुसौर के क्षेत्र क्रमांक 25 में जनपद पंचायत सदस्य के लिए उप निर्वाचन हुआ था। जिसकी मतगणना आज शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

रायगढ़ नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 27 में भारतीय जनता पार्टी से सरिता राजेन्द्र ठाकुर विजयी घोषित हुई और उन्हें 865 मत मिले। इसी वार्ड से अन्य प्रत्याशियों में इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी रानी अशोक सोनी को 599, निर्दलीय प्रत्याशी योगेश्वरी कुर्रे को 182, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से रोमा राय को 13 एवं बहुजन समाज पार्टी से प्रेम कुमारी इंनोसेंट को 57 मत प्राप्त हुए।

इसी तरह जनपद पंचायत पुसौर के क्षेत्र क्रमांक 25 में हुए जनपद पंचायत सदस्य के लिए खीरसागर कैलाश पाईक विजयी घोषित हुए और उन्हें 1102 मत मिले। इसी तरह मनोज कुमार भारद्वाज को 337, रमेश कुमार चौहान को 324 एवं सफेद ब्रजराम चौहान को 886 मत प्राप्त हुए।

कच्चे मकान की टपकती छत और मरम्मत के सालाना खर्च से ननकीराम को मिली राहत, अब रहते है पक्के मकान में

- पीएम आवास के 14 हजार से अधिक हितग्राहियों को 34 करोड़ रुपये की राशि जारी

रायगढ़। पहले कच्चे मकान में बारिश में छत टपकती थी और दीवारों में सीपेज भी आ जाता था। जिससे दीवारों में हमेशा नमी बनी रहती थी। कई बार बारिश का पानी घर में भी घुस जाता था, जिसको लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी। लेकिन अब पक्का मकान बन जाने से इन सब समस्याओं से न सिर्फ छुटकारा मिला है बल्कि सुकुन भी महसूस होता है। यह कहना है ग्राम पंचायत औरदा के अशोक साव का, जिनके पक्के घर का सपना पीएम आवास योजना से पूरा हुआ। अशोक गोदाम में हमाली और स्कूल में साफ-सफाई का काम करते है। उनकी ईच्छा थी कि अपने परिवार के लिए वे एक अच्छा मकान बनवा सके, जो इस योजना से उन्होंने बनवाया तथा पिछले एक साल से अपने परिवार के साथ वहां निवासरत है।

जनपद पंचायत घरघोड़ा के ग्राम-भेंगारी के ही ननकीराम कहते है कि जब से उनका पक्का मकान बना है खपरैल वाले घर पर होने वाले सालाना खर्च से उन्हें राहत मिली है। वे बताते है कि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले बारिश के पानी से बचाव के लिए टूटे खप्परों को पलटने व बदलने, बांस-बल्ली को ठीक कराने में हर साल 4-5 हजार रुपये से अधिक खर्च हो जाते थे। इसके अलावा बारिश का पानी भी घर में भर जाता था। पक्का मकान बनने से इन सबसे छुटकारा मिला है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निर्माणाधीन आवासों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। जिले में 14 हजार 936 परिवारों को पक्के आवास का निर्माण प्रारंभ करने व प्रगतिरत आवास को पूर्ण करने अक्टूबर माह से अब तक 34 करोड़ 53 लाख रुपए की राशि जारी की गयी है। जिला कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय के सहायता से सभी ग्राम पंचायतों में हितग्राहियों के साथ जन चौपाल के माध्यम से उन्मुखीकरण किया जा रहा है। जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा आवासों का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे प्रगतिरत आवासों को जल्द पूरा किया जा सके।

बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी सक्ती में गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गुम बालिका को किया बरामद

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर कोतवाली पुलिस की टीम थाना क्षेत्र से लापता हुई 16 वर्षीय बालिका को सीमावर्ता जिले सक्ती में दबिश देकर आरोपी के कब्जे से कल दस्तयाब किया गया है। आरोपी 6 जनवरी 2023 को रायगढ़ से बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, महिला पुलिस अधिकारी को दिये बालिका के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी युवक को पोक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया, जहां जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली किशोर बालिका को 16 फरवरी 2022 को सुबह अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट बालिका के पिता द्वारा थाना कोतवाली में दर्ज कराया गया था, परिजन के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बालिका की पतासाजी किया जा रहा था। कोतवाली पुलिस के पतासाजी के दबाव में जिला सक्ती में रहने वाला युवक दिलीप महाराणा (उम्र 33 वर्ष) बालिका को उसके घर लाकर छोड़ दिया और बालिका पर दबाव बनाया कि वह पुलिस को सच्चाई ना बताएं। दस्तयाब बालिका तत्समय महिला पुलिस अधिकारी और बाल कल्याण समिति के समक्ष अपने बयान में अपनी मर्जी से अपनी बुआ के घर जाना बताई थी। कोतवाली पुलिस बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया था। प्रकरण पुलिस की जांच में थी।

इसी बीच दिनांक 06.01.2023 को जांचकर्ता पुलिस अधिकारी को जानकारी मिला कि बालिका को किसी युवक के द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले गया है, कोतवाली पुलिस परिजनों से पूछताछ की तो वे बताये कि आरोपी दिलीप महाराणा के दबाव में बालिका द्वारा पुलिस के समक्ष बुआ के घर जाना बताई थी जो फिर से बालिका को कहीं भगाकर ले गया है। परिजनों से मिली जानकारी पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा आरोपी दिलीप महाराणा की पतासाजी के लिये मुखबिर लगाये और तकनीकी सहायता लिये। आरोपी के सक्ती में होने की जानकारी पर कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल सक्ती जाकर आरोपी के सकुनत में दबिश दिया गया। कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा बालिका को दस्तयाब कर रायगढ़ लाया गया, महिला पुलिस अधिकारी के समक्ष बयान में बालिका द्वारा आरोपी दिलीप महाराणा द्वारा और शादी का प्रलोभन देकर उसे बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाना और उसके साथ अनैतिक कृत्य करना बताई। बालिका और बालिका के परिजनों की सहमति पर बालिका का मेडिकल कराया गया, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि 6 पॉक्सो एक्ट की धाराएं विस्तारित कर आरोपी दिलीप महाराणा को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय रायगढ़ पेश किया गया जहां न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने के आदेश पर आरोपी कोतवाली पुलिस ने जिला जेल दाखिल किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में बालिका की पतासाजी, आरोपी की गिरफ्तारी एवं संपूर्ण कार्यवाही में थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक सोहन साहू, महिला सहायक उपनिरीक्षक कुसुम कैवर्त (थाना कोतरारोड़) प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, आरक्षक सुशील मिजं की प्रमुख भूमिका रही है।

गेजामुड़ा में आयोजित हुआ क्लब क्लस्टर लेबल चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण

रायगढ़। शासन के निर्देशानुसार 09 से 12 जनवरी 2023 तक क्लब क्लस्टर लेबल चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संकुल केंद्र काशिचुआं (संकुल भवन गेजामुड़ा) में संपन्न हुआ। विदित हो कि उक्त प्रशिक्षण में संकुल केंद्र किरोड़ीमल नगर, कुसमुरा, धनागर, कछार, डोंगीतराई, कोडतराई, काशिचुआँ के 40 प्राथमिक शाला से 70 शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए एनआईपीयूएन भारत योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न बिंदु यथा एफएलएन, निष्ठा, दीक्षा, ईसीसीई निपुण भारत के उद्देश्य मूलभूत साक्षरता क्या है, मूलभूत साक्षरता के कौशल, मूलभूत गणित संख्या ज्ञान गणित की प्रकृति और शिक्षण उद्देश्य आगामी शासन की योजना पर विस्तृत रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में सुशीला साहू, गिरीत राम सिदार, संजय जाटवर, गणेश राठिया, गजेंद्र राठिया, चतुर्भुज पटेल, सुनील पटेल, त्रिलोचन पटेल, विनोद सिदार, सरस्वती पटेल, गीता सिदार, गजेंद्र सिदार सम्मिलित रहे। सातों संकुल के शैक्षिक समन्वयक हुलस राम चौधरी, यशपाल नायक, शशि कुमार डनसेना, वीरेंद्र कुमार चौहान, बाबूलाल पटेल, भुवन पटेल साथ ही समापन अवसर पर संकुल प्राचार्य परमानंद पटेल संकुल केंद्र कांशीचुआँ उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी शैक्षिक समन्वयक भुवन पटेल द्वारा दी गई।

राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में जिले के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक

- खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण एवं 2 कांस्य पदक सहित कुल 4 पदक जीते
- बिलाईगढ़ क्षेत्र के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

सारंगढ़-बिलाईगढ़। छत्तीसगढिया ओलंपिक 2022-23 का राज्य स्तरीय आयोजन 8 से 10 जनवरी 2023 तक राजधानी रायपुर में संपन्न हुआ। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस आयोजन में पदक लाकर जिले का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के बिलाईगढ़ अंचल के खिलाडियों का एकतरफा दबदबा रहा। जिले को कुल 4 पदक प्राप्त हुए, जिसमें दो स्वर्ण पदक एवं दो कांस्य पदक थे और ये चारों विजेता खिलाड़ी बिलाईगढ़ अंचल के रहे। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सभी विजेता खिलाडियों को जीत की शुभकामनाएँ दी हैं।

ज्ञात हो कि 18 से 40 वर्ष वर्ग 100 मीटर दौड़ में आर्यन भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी क्रम में लंबी कूद 40 वर्ष से अधिक वर्ग में दिनेश कुमार साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को स्वर्ण पदक दिलाया। 100 मीटर दौड़ 40 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रहलाद केवट ने कांस्य पदक हासिल किया एवं लंबी कूद 18 से 40 वर्ष वर्ग में राजा लहरे ने कांस्य पदक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने डे-भवन का अवलोकन किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी विवेकानंद के रायपुर प्रवास के दौरान उनका निवास रहे प्राचीन डे-भवन के जीर्णोद्धार कार्य के शिलान्यास के पहले डे-भवन का अवलोकन किया। उन्होंने डे-भवन में सुप्रसिद्ध समाजसेवी राय बहादुर भूतनाथ डे, समाजसेविका आभा बोस ओर आचार्य हरिनाथ डे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने इस भवन को स्मारक के रूप में विकसित करने के लिए तैयार की गई रूपरेखा से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस दौरान रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान, बेलूर पश्चिम बंगाल के कुलपति स्वामी सर्वोत्तमानंद महाराज ने की। खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, भूतनाथ डे चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एच.एस. उपाध्याय, व अन्य उपस्थित थे।

हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी और अपचारी बालक जूटमिल पुलिस की गिरफ्त में, तीन उत्पाती लड़कों ने ठेले वाले से की थी मारपीट

- आरोपियों के एक साथी को पूर्व में गिरफ्तार कर भेजा गया है रिमांड पर

रायगढ़। सायबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में आज दोपहर हत्या के प्रयास मामले के फरार दो आरोपियों को जूटमिल पुलिस द्वारा ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड के पास से पकड़ा गया है, जिनमें एक आरोपित विधि के साथ संघर्षरत बालक है। आरोपियों द्वारा अपने साथी रितेन सारथी उर्फ खदरू सारथी निवासी बजरंगपारा निगम कॉलोनी जूटमिल के साथ मिलकर 15 दिसंबर की देर रात्रि अपने मोहल्ले के गल्ला किराना का ठेला लगाने वाले संजय सोनवानी (24 साल) के साथ मारपीट कर संजय सोनवानी के गले पर लोहे के चापड़ से प्राण घातक प्रहार किया गया था। घटना की रिपोर्ट दूसरे दिन आहत संजय सोनवानी द्वारा लिखित आवेदन देकर पुलिस चौकी जूटमिल में आरोपियों के रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

जानकारी के मुताबिक करीब 8-9 माह पूर्व मिट्ठूमुडा सारथी मोहल्ला के कुछ लोग निगम कालोनी के ओ-ब्लाक में रह रहे हैं। आहत संजय सोनवानी और मोहल्लेवालों का कहना है कि उसमें खदरू सारथी व उसके साथी झगडेलू किस्म के हैं जो कालोनी में आये दिन शराब पीकर लोगों से झगडा विवाद करते हैं, माह दिसंबर में एक बार खदरू और उसके साथी शराब पीकर गंदी गंदी गाली गलौच कर रहे थे जिनकों संजय गाली गलौच करने से मना किया था तो झगडा विवाद किये थे। उसी रंजीश को लेकर दिनांक 15/12/22 के रात करीब 10.00 बजे तीनों गल्ला किराना दुकान ठेला के पास आकर झगडा, मारपीट करने लगे। गणेश सारथी एवं खदरू पकड़ लिये, उनका साथी (विधि के साथ संघर्षरत बालक) पीछे से अचानक अपने हाथ में रखे ठोस हथियार (लोहे का चापड़) से गले में हमला कर चोट पहुंचाया, शोर मचाने से तीनों वहां से भाग गये। घटना के संबंध में तीनों आरोपियों पर धारा 307, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में घटना के बाद फरार हुये तीनों आरोपियों की सघन पतासाजी की जा रही थी। 17 दिसंबर को फरार आरोपी रितेन सारथी उर्फ खदरू सारथी पिता जीवन सारथी उम्र 22 साल निवासी बजरंगपारा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। मारपीट में शामिल गणेश व एक अन्य आरोपी फरार थे। जूटमिल पुलिस फरार आरोपियों की सघन पतासाजी की जा रही थी कि आज दोनों आरोपियों को ट्रांसपोर्टनगर बस स्टैंड पर देखा गया। पुलिस टीम तत्काल दोनों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ कर मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त लोहे का चापड़ जिसे आरोपियों द्वारा शासकीय अस्पताल के पीछे फेंक दिया गया था, खोजबिन कर जप्ती की गई है। आरोपी मनीष उर्फ गणेश सारथी पिता हरीश सारथी उम्र 24 साल निवासी निगम कालोनी बजरंगपारा जूटमिल एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल , प्रधान आरक्षक मोहम्मद दिलदार कुरैशर, आरक्षक बनारसी सिदार, सत्यानंद यादव, जितेंद्र दुबे, धनुर्जय बेहरा की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480